Reg. No. | | | | | | | | |

BCMHDL 203

Credit Based Third Semester B.Com. Degree Examination, Oct./Nov. 2017
(2015 – 16 and Earlier Batches)
HINDI LANGUAGE
(Group – I) (Paper – III)

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए : (1×10=10)

1) कबीर ने भगवान से बढ़कर किसे श्रेष्ठ माना ?
2) गोपिकाएँ किसके विरह में तडप रही थी ?
3) सूरदास के काव्य में किसकी लीलाओं का वर्णन है ?
4) कृष्ण अपनी माँ से कौन सा काम न करने की बात करता है ?
5) निर्झर पृथ्वी के गर्त को क्या करती है ?
6) कवयित्री किससे पूछती है कि 'अब मैं क्या देखूँ ?'
7) 'तुमने कहा था' कविता में मगर किसका प्रतीक है ?
8) नारी की सीमा कहाँ तक है ?
9) मीरा के प्रियतम कौन है ?
10) कविवर रहीम किसके दरबार में थे ?

II. सप्रसंग व्याख्या लिखिए : (1×10=10)

अ) बासरि सुख ना रैनी सुख, न सुख सुपिनै ।
माहिं ।
कबीर बिछुडे राम सो, न सुख धूप न छाँही ।। 5

अथवा

जो रहीम ओछो बढ़ै, तौ अति ही इतराए ।
प्यादे से फरजी भयो, टेढ़ो-टेढ़ो जाय ।

P.T.O.

आ) देखूँ विहगों का कलरव

घुलता जल की कलकल में,
निस्पन्द पडी वीणा से
या बिखरे मानस देखूँ ! 5

अथवा

लहुलुहान गिर पडी है वह
चाह रही है वह जीना
लेकिन घुट-घुटकर मरना भी
क्या जीना ?

III. अ) कबीर के साखी और पद का सार लिखिए । 10

अथवा

सूरदास के पदों का सार लिखिए ।

आ) महादेवी वर्मा प्रकृति माँ से क्या पूछती है ? 'कह दे माँ अब क्या देखूँ' कविता के आधार पर लिखिए । 10

अथवा

'तुमने कहा था' कविता में व्यक्त नागार्जुन के विचारों को अपने शब्दों में लिखिए ।

IV. 'पचपन खंभे लाल दीवारें' उपन्यास एक मध्यवर्गीय युवती के जीवन संघर्ष का चित्रण करता है । स्पष्ट कीजिए । 10

अथवा

'पचपन खंभे लाल दीवारें' उपन्यास के आधार पर नील के व्यक्तित्व का चित्रण कीजिए ।

V. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए : (5×2=10)

1) मिस शास्त्री
2) सुषमा की माँ
3) मीनाक्षी
4) कृष्णा मौसी ।

VI. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : 6

1) वे पुस्तक पढ़ता है ।

2) लडकियाँ रोई करती है ।

3) वह पढती–पढती सो गई ।

4) गर्मी के मारे बुरा हाल है ।

5) मनुष्य इसलिए परिश्रम करता है कि उसे पैसा मिले ।

6) कृपया मेरा आवेदन पत्र स्वीकार करने की कृपा करें ।

आ) सरकारी कार्यालयों में हिन्दी अनुष्ठान के लिए भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय, संसद भवन नई दिल्ली की ओर से एक परिपत्र तैयार कीजिए । 5

अथवा

श्रीनिधि इलेक्ट्रानिक्स, गांधी मार्ग मैसूर से जो माल मंगवाया गया है, वह नमूने के अनुसार नहीं है । इसकी शिकायत करते हुए एक शिकायती पत्र लिखिए ।

इ) i) इंडियन बैंक में हिन्दी अधिकारी पद के लिए सीमा शर्मा के नाम एक स्ववृत्त तैयार कीजिए । 5

ii) प्रशासनिक शब्दावली का **हिन्दी** प्रतिरूप लिखिए । 4

1) Deduction

2) Fraud

3) Acceptance

4) Cash.